वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 313 सोमवार 13 मार्च 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने किया विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन व लोकार्पण



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा विगत चार वर्षों में अभूतपूर्व विकास कार्य कराए गए हैं। मंत्री जूली रविवार को अलवर ग्रामीण क्षेत्र के उमरैण ब्लॉक में राजकीय प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय के नवनिर्मित भवन, राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय उमरैण को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्रमोन्नत, उमरैण पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत होने पर, ब्लॉक आयुष चिकित्सालय के लोकार्पण तथा अलवर-शाहपुरा माचडी की ओर सडक एवं उमरैण में खेल स्टेडियम निर्माण कार्य के शिलान्यास के दौरान उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की जनता के कल्याण के लिए सर्मपित भाव से निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश की जनता के हित में ऐतिहासिक बजट पेश किया गया जिसका लाभ अंतिम छोर तक के व्यक्ति को मिलेगा।

## मुख्यमंत्री ने दांडी यात्रा दिवस पर महात्मा गांधी के संदेश ब्रोशर का किया विमोचन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने रविवार को दांडी यात्रा दिवस के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री निवास पर महात्मा गांधी के संदेश ब्रोशर का विमोचन किया। शांति एवं अहिंसा विभाग द्वारा तैयार पोस्टर में सात पाप, रचनात्मक कार्यक्रम और एकादश-व्रत के बारे में उल्लेख किया गया है। इस अवसर पर शांति एवं अहिंसा विभाग के सचिव नरेश ठकराल एवं शांति एवं अहिंसा निदेशालय के निदेशक मनीष कुमार शर्मा सहित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## आमजन की मंशा जानकर मंडल की नई पहल

# वास्तु शास्त्र के अनुसार बनेंगे आवासन मंडल के आवासीय व व्यवसायिक भवन

**वास्तु प्रशिक्षण के लिए मंगलवार को मुख्यालय में होगी राज्य स्तरीय वर्कशॉप**

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने आमजन की मंशा जानकर मंडल द्वारा बनाए जाने वाले आवासीय और व्यवसायिक निर्माण में वास्तु शास्त्र का ध्यान रखने की कार्य योजना बनाई है। इसी कड़ी में मंगलवार को मुख्यालय पर वास्तु शास्त्र से जुड़ी राज्य स्तरीय वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। जयपुर मुख्यालय 'आवास भवन' पर होने वाली इस महत्वपूर्ण वर्कशॉप में इंडियन काउंसिल आफ एस्ट्रोलॉजिकल साइंसेज के प्रोफेसर, वास्तुविद और ज्योतिषाचार्य सतीश शर्मा सहित अन्य विशेषज्ञ मंडल के तकनीकी इंजीनियरों तथा अधिकारियों को वास्तु से संबंधित प्रशिक्षण देंगे। आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने कहा कि मंडल ने सदैव आमजन की भावनाओं और बदलते समय और मांग का ख्याल रखते हुए भवनों का निर्माण किया है। आज के दौर में आमजन की प्राथमिकता वास्तु आधारित भवनों को खरीदने की रहती है परन्तु व्यापक स्तर पर बनने वाले भवनों में अक्सर वास्तु शास्त्र के नियम लागू नहीं हो पाते। इसी के समाधान के लिए इस महत्वपूर्ण वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंडल का ध्येय आमजन को हर स्तर पर संतुष्टि प्रदान करना है। अरोड़ा ने बताया कि वर्कशॉप में मंडल सचिव, मुख्य संपदा प्रबंधक, मुख्य अभियंता, तकनीकी सलाहकार, अतिरिक्त मुख्य नगर नियोजक, अतिरिक्त मुख्य अभियंता, उप आवासन आयुक्त, तकनीकी सहायक और आवासीय अभियंता स्तर के सभी अधिकारी उपस्थित होंगे।





# मंत्री कटारिया पहुंचे वैशाली नगर कांग्रेस मंडल के होली मिलन समारोह में

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

वैशाली नगर कांग्रेस मंडल कमेटी की ओर से रविवार को वैशाली नगर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कांग्रेस मंडल अध्यक्ष मोहित जैन के नेतृत्व में आयोजित होली मिलन समारोह में प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया, ब्लॉक कांग्रेस वैशाली नगर अध्यक्ष जितेंद्र कायथवाल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य अशोक शर्मा सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं में सुरेंद्र गुप्ता, सिराज अहमद खान, रणजीत सोनी, मदनलाल शर्मा, उत्तम यादव, कर्मवीर चौधरी, कृष्ण यादव, मधुसूदन शर्मा के साथ सिरसी रोड मंडल अध्यक्ष बालकिशन शर्मा, रावण गेट मण्डल अध्यक्ष महादेव मेहता, धाबास मंडल अध्यक्ष खेमचंद मुंडोतिया सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता और उनके परिजन उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल का तिलक लगाकर होली की बधाई और शुभकामनाएं दी तथा फूलों के साथ होली खेली। इस अवसर पर म्यूजिकल चेयर एवं कपल गेम के साथ-साथ सामूहिक सहभोज का आनंद भी कार्यकर्ताओं एवं उनके परिवार जन ने उठाया।




# संतो कि निंदा करने वाले व्यक्ति को परमात्मा के वहा शरण नही मिलती है: आचार्य सुर्दशन महाराज

**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया**

अहिंसा भवन मे सयुंक्त होली चातुर्मास पर आयोजित विशाल जन समूह मे श्रावक श्राविकाओं को सम्बोधित करतें हुये आचार्य सुर्दशनलाल महाराज ने कहा कि महापुरुषों की निंदा करने वाले व्यक्ति समाज का तो दुश्मन है ही उसे भगवान के वहा पर भी क्षमानही मिल सकती है ।क्योकि संत किसी व्यक्ति विशेष के नही होते है वह सबके होते है ।राष्ट्र संत कमल मुनि कमलेश ने कहां सच्चा साधक वही जो अपनी गलतियों की पर पश्चाताप करे और दुसरों मे अवगुण नही निकालने वाला पुरूष सच्चा साधक बन सकता है तथा मानव बनकर मानव से प्यार करने वाले व्यक्ति को परमात्मा का साक्षात्कार हो सकते है पर दिखावटी प्रदर्शन करने वाला व्यक्ति धनवान और बलवान क्यों न हो वह जीवन मे कभी सुख को प्राप्त नही कर सकता है।मेवाड़ गौरव रविन्द्र मुनि ने कहा कि संत समाज




कि धरोहर है ।इनकी रक्षा करना संघ और समाज का धर्म ही नही कतृव्य है ।तभी जिनशासन कि रक्षा हो पायेगी। संत भव्य दर्शन,साध्वी विनयप्रभा ने विचार व्यक्त करतें हुयें कहा कि धर्म मे गतिरोध पैदा करने वाला व्यक्ति कभी किसी का सगा नही हो सकता है। अहिंसा भवन के संरक्षक हेमन्त आंचलिया अध्यक्ष अशोक पोखरना ने बताया जानकारी देते हुये बताया कि इसौरन विधायक विठ्ठल शंकर अवस्थी पूर्व विधायक विवेक धाकड़,पूर्व सभापति मंजु पोखरना, विजयनगर नगरपालिका चैयरमेन सचिन सांखला अखिल भारतीय नाकनक संम्प्रदाय के अध्यक्ष रमेश खिवेसरा,अनिल लोढ़ा, अशोक बापना,चैन्नाई संघ के जिनेन्द्र रांका शांति भवन के राजेन्द्र सुराणा,बाबूलाल नगावत,कुशलसिंह बूलिया, हिम्मत बापना लक्ष्मणसिंह पौखरना,हरीश खटोड़, निहालसिंह लोढ़ा, धनराज मंडिया आदि सभी अतिथियों ने सभा मे विचार व्यक्त किये कार्यक्रम संचालन करते हुये सुशील चपलोत ने बताया कि त्रिवेणी संगम समारोह मे चैन्नाई मुम्बई बैगलोर गुलाबपुरा बिजयनगर,कवलियास, मसूदा ब्यावर ,पिसांगन लाडपुरा आदि क्षैत्रो के हजारों श्रावको की उपस्थिति मे आचार्य सुदर्शनलाल महाराज के अनेकों क्षेत्रो के श्री संघो ने चातुर्मास की विनतीया रखी जिसपर सुदर्शनलाल म.सा ने अपना वर्ष 2023 का बड़ामहुआ नंदन वन चातुर्मास घोषित किया।

# भगवान शांतिनाथ का पंचामृत अभिषेक किया

## शांति मंडल विधान का आयोजन

**साखना, टोंक. शाबाश इंडिया**



श्री 1008 श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र साखना में चैत्र कृष्ण पंचमी रविवार को भगवान शांतिनाथ का पंचामृत अभिषेक एवं शांति मंडल विधान का आयोजन किया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रकाश सोनी एवं मंत्री प्यार चंद जैन ने बताया कि रविवार को अतिशय क्षेत्र साखना में आयोजित कार्यक्रम में प्रातः भगवान शांतिनाथ पार्श्वनाथ एवं शीतल नाथ का अभिषेक किया गया तत्पश्चात मूलनायक भगवान शांतिनाथ का पंचामृत अभिषेक जिसमें दूध, दही, घी, बुरा, नारियल पानी, इक्षु रस, सर्व ओषधि आदि से शांतिनाथ भगवान का महा मस्तकाभिषेक किया गया। तत्पश्चात नित्य नियम पूजा नवग्रह पूजा शीतलनाथ भगवान पूजा चंद्रप्रभु भगवान पूजा शांतिनाथ भगवान की पूजा कर श्री जी के चरणों में अर्ध्य एवं श्रीफल समर्पित किए गए। मीडिया प्रभारी राजेश अरिहंत ने बताया कि दोपहर में शांति मंडल विधान का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम मंडल विधान की रचना कर पाँच मंगल कलशो की स्थापना की गई मुख्य मंगल कलश श्रीमती उषा देवी पवन कुमार कंसल लावा परिवार द्वारा स्थापित किया गया। तत्पश्चात सरलीकरण शुद्धिकरण आचार्य निमंत्रण के पश्चात विधान की पूजा शुरू की गई पंडित अंकित शास्त्री के निर्देशन में उपस्थित इंद्र इंद्राणीयो उषा देवी पवन कुमार रीना जैन अभिषेक जैन अनामिका आशीष कुमार शेफाली दिनेश कुमार चंदनमाला ओम प्रकाश ने भगवान शांतिनाथ को 148 अर्ध्य एवं श्रीफल समर्पित किया। इस अवसर पर महावीर बज अनिल भरनी पवन धर्म चंद रानी सोनी रेशम देवी बज सुनिता जैन आनंद टोनू प्रवीण विनोद टोरडी वाले नंदू बाहुबली सहित निवाई जयपुर भीलवाड़ा चितोड़ कोटा मालपुरा देवली टोंक टोडा पीपलू झिराना भरनी छान देवडावास केकड़ी दिल्ली किशनगढ़ अजमेर आदि से पधारे हुए श्रद्धालु मौजूद थे सायंकाल भगवान शांतिनाथ की महा आरती की गई जैन गुरुकल के बच्चो का परीक्षा परिणाम जारी किया गया जिसमे सभी बच्चो को रेणु बाला कमल सोनी टोंक की और से उपहार दिए गए। कोषाध्यक्ष मनीष बज ने बताया कि शनिवार सायंकाल अतिशय क्षेत्र सांखना में विशाल भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें दुर्गेश एंड पार्टी द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी गई जिस पर श्रद्धालुओं ने भगवान की भक्ति में मंत्रमुग्ध होकर भक्ति नृत्य प्रस्तुत किए। णमोकार का जाप किया गया एवं 48 रिद्धि मंत्रों के उच्चारण के साथ दीप प्रज्वलन करते हुए भक्तामर के पाठ का आयोजन किया गया। नवीन जैन ने बताया कि चैत्र कृष्ण पंचमी के पावन अवसर पर रविवार को सायंकाल श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर तेरापंथीयान पुरानी टोंक में भगवान चंद्रप्रभु के गर्भ कल्याणक महोत्सव के तहत भक्तामर का पाठ एवं णमोकार महामंत्र के जाप का आयोजन किया गया।

## अन्तर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी के प्रवचन



**शाबाश इंडिया**

किसने कहा कि रिश्ते मुफ्त में मिलते हैं? अरे बाबू! मुफ्त में तो हवा भी नहीं मिलती है, एक सांस भी तब आती है, जब एक सांस छोड़ी जाती है..! मौत एक ऐसा द्वार है जिसे हर व्यक्ति को वहाँ से गुजरना ही पड़ेगा -- पता नहीं कब किसकी मौत का 'नगाड़ा' बज जाये? अतः मौत का नगाड़ा बजने से पहले, मन से बैर की गाँठ खोल देना। अन्यथा दुःख का पहाड़ा पढ़ते ही रहोगे। पूजा, पाठ, जाप, दान, धर्म, सत्संग करने के बाद भी यदि मन में किसी के प्रति बैर की गाँठ बांधकर रखी है तो खोलकर मरना। अन्यथा जीवन की सारी परेशानियाँ, हैरानियाँ, विकृतियाँ और अशुद्धियाँ इसी मन और वैमनस्यता की भेंट होगी। मन की शान्ति का एक ही समाधान है सरलता, अन्यथा कितना ही धर्म-ध्यान, पूजा-पाठ, दान कर लो वो सब ऐसा ही है जैसे - गोबर पर वर्क लगा हो। दूसरों को समझाना सरल है,, खुद के मन को समझाना बहुत कठिन काम है। दूसरों को समझाने में हम मास्टर ब्लास्टर बन जाते हैं, पर कभी अपने भीतर झाँककर अपने उस नटखट मन से नहीं कहते। बाहर तुझे कुछ नहीं मिलेगा, अपने घर में आकर बैठो, सब कुछ पा जाओगे। कभी कभार अपने मन को बुहार लिया करो, फिर पुकार लिया करो। कुछ ऐसे - मेरे मन मन्दिर में आन, पधारो महावीर भगवान...!!! **संकलन नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल औरंगाबाद।**

## अमृता पाठशाला में इंद्रधनुषी होली, धरा की धूल बनी प्रभु मुकुट के फूल




**फरीदाबाद. शाबाश इंडिया।** अमृता हॉस्पिटल फरीदाबाद में कार्यरत मजदूरों के बच्चों की पाठशाला में होली का पर्व आनंद, गरिमा व उत्साह के साथ मनाया गया। स्वामी मोक्षामृता जी के सानिध्य में अमृता नर्सिंग स्कूल के सभी छात्र छात्राओं, आयुध व टीम जे एस एन के साथ यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के आनंद से देश भर के मजदूरों के बच्चों के मन में हर्ष, आनंद व उत्साह आ गया। सर्व प्रथम पाठशाला के बच्चों व टीम ने स्वामी जी व अन्य अतिथियों का स्वागत किया। स्वामी जी ने अम्मा के चित्र पर पुष्प समर्पित कर उनका आशीर्वाद लिया। पाठशाला के बच्चों ने गीत, नृत्य, कविता की सुन्दर सुंदर प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया. अंश, भूमिका, विकास, हर्ष आदि इनमें थे, उसके बाद नर्सिंग स्कूल की छात्राओं ने गीत, संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। आयुध की टीम में अद्यान, रामू व राहुल ने शानदार कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इंजिनियर अरुण जैन ने प्रहलाद व होलिका की कहानी बता रोचक इतिहास से सबका परिचय करवाया। स्वामी जी ने सभी को गुलाल लगा आशीर्वाद दिया। मीठी खीर, टॉफी, फल वितरित कर सभी को प्रसाद अम्मा के भक्तों ने दिया। कार्यक्रम इतना रोमांचक था कि सभी छात्र, छात्राएं भी रंग गुलाल से रंग गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती पूनम, जगदेव सिंह, जसवीर व सोनपाल का समर्पित योगदान रहा। अमृता हॉस्पिटल प्रांगण में भी पूज्य स्वामी अमृत स्वरुपनंद जी पुरी, स्वामी निजामृता नंद जी पुरी के सानिध्य में होली का कार्यक्रम आनंद, उल्लास व हर्ष के साथ सम्पन्न हुआ।

## वेद ज्ञान

### अभ्यास और वैराग्य

भौतिकवादी समाज की कुरीतियों में काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि मनोविकार मनुष्य के मन पर अधिकार बनाए हुए हैं और अवसर पाते ही अपना दुष्प्रभाव दिखाने लगते हैं। बड़े से बड़े महात्मा हों या उच्चाधिकारी आत्मसंयम के अभाव में अपनी प्रतिष्ठा खो बैठते हैं। ये मनुष्य जीवन में अनेक बाधाएं डालकर उसे निराशपूर्ण बना देते हैं। इनकी प्रतिद्वंद्विता में आत्मसंयम का सहारा ले लिया जाए तो मनुष्य जीवन की सफलता में संदेह नहीं रहता। इन पर काबू पाना या अपने को वश में करना जगत को जीत लेना है। साधारण मनुष्य की तो बात ही क्या बड़े-बड़े सम्राट भी काम के अधीन हो आत्मसंयम को तिलांजलि दे डालते हैं और मुश्किल में फंस जाते हैं। इतिहास प्रमाण है कि गांधीजी ने क्रोध पर नियंत्रण करके प्रेम और अहिंसा के अस्त्रों द्वारा अंग्रेजी साम्राज्य का अंत किया। बुद्ध ने राजसी वैभव के मोह और लालच को त्यागा तभी वह सत्य की साधना कर सके। जो व्यक्ति इंद्रियों के दास होते हैं वे इंद्रियों की इच्छाशक्ति पर नाचते हैं। संयमहीन पुरुष सदा उत्साह-शून्य, अधीर और अविवेकी होते हैं। इसलिए उन्हें क्षणिक सफलता भले मिल जाए, पर अंततः उन्हें बदनामी और पराजय ही मिलती है। आत्मसंयमी व्यक्तियों में सर्वदा उत्साह, धैर्य और विवेक रहता है जो उनकी सफलता की राह तय करते हैं। मानव की सबसे बड़ी शक्ति मन है इसलिए वह मनुज है। मन की शक्तिअभ्यास है, विश्राम नहीं। इसलिए तो मन मनुष्य को सदा किसी न किसी कर्म में रत रखता है। आत्मसंयम को ही मन की विजय कहा गया है। गीता में मन विजय के दो उपाय बताए गए हैं- अभ्यास और वैराग्य। यदि व्यक्ति प्रतिदिन त्याग या मोह मुक्ति का अभ्यास करता रहे तो उसके जीवन में असीम बल आ सकता है। यह कुछ महीने की देन नहीं होती है, बल्कि एक लंबे समय की जरूरत है। फिर तो दुनिया उसकी मुट्ठी में होगी। एक बार मोह-माया से विरक्त हो जाएं तो वैराग्य मिल जाएगा। भारत में आक्रमणकारी शताब्दियों तक लड़ाई जीत कर भी भारत को अपना नहीं सके, क्योंकि उनके पास नैतिक बल नहीं था। शरीर के बल पर हारा शत्रु बार-बार आक्रमण करने को उद्धत होता है, परंतु मानसिक बल से परास्त शत्रु स्वयं-इच्छा से चरणों में गिर पड़ता है।

## संपादकीय

# क्रिकेट के जरिए दोस्ती के नए दौर में भारत-ऑस्ट्रेलिया

क्रिकेट मैच एक ऐसा अवसर होता है, जब दुनिया भर के दर्शक उससे जुड़े होते हैं। ऐसे में जब भारतीय और आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एक साथ मोटेरा स्टेडियम पर उतरे तो वह एक तरह से पूरी दुनिया के लिए एक संदेश था। राष्ट्रों के प्रमुख खेल, सांस्कृतिक आयोजनों आदि में शिरकत करके भी अपने देशों के रिश्ते प्रगाढ़ करने का प्रयास करते हैं। जब भी किसी मित्र देश का शीर्ष नेतृत्व मेहमान बन कर आता है, तो उसे अपने देश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराया जाता है। मुलाकात, बातचीत, समझौतों आदि के लिए ऐसी जगहों का चुनाव किया जाता है, जहां से कोई बड़ा संदेश दिया जा सके। क्रिकेट और फुटबाल चूंकि दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेल हैं, इसलिए उनके बड़े आयोजनों में भी राष्ट्रों के प्रमुख हिस्सा लिया करते हैं। इस समय भारत और आस्ट्रेलिया की क्रिकेट टीमें प्रतिस्पर्धा कर रही हैं, जिसके तहत अहमदाबाद के मोटेरा स्टेडियम में चौथा और अंतिम टेस्ट मैच खेला गया।



आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज इस मैच से एक दिन पहले ही भारत पहुंचे थे। इस तरह एक अच्छा अवसर था, जब दोनों देशों के प्रमुख उस मैच में हिस्सा लेकर अपनी मित्रता की मजबूती प्रदर्शित करें। आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री को लेकर भारतीय प्रधानमंत्री मोटेरा स्टेडियम पहुंचे और दोनों नेताओं ने अपने-अपने देशों के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। स्वाभाविक ही, इससे दर्शकों में भी दोनों देशों के बीच प्रगाढ़ होते रिश्तों का खुशनुमा संदेश गया। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच दोस्ती का यह पचहत्तरवां साल है। पिछले कुछ सालों में दोनों देशों के बीच व्यापारिक-वाणिज्यिक संबंध लगातार प्रगाढ़ होते गए हैं। इस बार की भारत यात्रा पर भी आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने एलान किया कि गुजरात में आस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालय अपना परिसर खोलेगा। दोनों देश शिक्षा के क्षेत्र में रिश्तों को मजबूत बनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। कुछ दिनों पहले ही विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने घोषणा की कि विदेशी विश्वविद्यालयों को भी भारत में अपने परिसर खोलने की इजाजत दी जाएगी। इस तरह आस्ट्रेलिया पहला देश होगा, जिसने अपने किसी विश्वविद्यालय का परिसर खोलने का एलान किया है। आस्ट्रेलिया, भारत का सत्रहवां बड़ा व्यापारिक सहयोगी देश है और भारत आस्ट्रेलिया का नौवां सबसे बड़ा व्यापारिक सहयोगी देश। दोनों देशों के बीच व्यापारिक रिश्तों में कभी खटास नहीं देखी गई। यहां तक कि कोरोना प्रभाव के चलते जब दुनिया भर में व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित हुईं, तब भी दोनों देशों के बीच व्यापारिक गतिविधियां लगातार बढ़ीं। उस दौरान आस्ट्रेलिया को भारत का निर्यात एक सौ पैंतीस फीसद बढ़ा। भारतीय वस्तुओं के लिए आस्ट्रेलिया एक बड़ा बाजार है। और ऐसे वक्त में जब भारत अपना निर्यात बढ़ाने पर जोर दे रहा है, आस्ट्रेलिया के साथ उसके रिश्तों में बढ़ती गर्मजोशी से स्वाभाविक ही सकारात्मक नतीजे निकलेंगे। भारत का जोर हमेशा से छोटे देशों के साथ मिल कर व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर रहा है, ताकि पश्चिमी और ताकतवर देशों के बरक्स एक मजबूत गठजोड़ तैयार किया जा सके। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# एक नई बिमारी...

जिस तरह पर्यावरणीय विसंगतियां पैदा हो रही हैं और जलवायु परिवर्तन की वजह से मौसम का मिजाज बदल रहा है, उसमें नई-नई बीमारियां पैदा करने वाले विषाणुओं के उत्पन्न होने की आशंका लगातार बनी रहती है। एक बार फिर नए विषाणु का संक्रमण तेजी से फैलना शुरू हो गया है। इन्फ्लूएंजा का यह विषाणु भी कोविड विषाणु की तरह ही लोगों को प्रभावित कर रहा है, हालांकि इससे उस तरह भयभीत होने की जरूरत नहीं है, मगर इसका लंबे समय तक लोगों पर असर बना रह रहा है। खांसी, बुखार, गले में जलन आदि जैसी तकलीफें इसमें देखने को मिल रही हैं। इस विषाणु के पैदा होने की एक वजह मौसम के अचानक सर्द से गर्म होने को बताया जा रहा है। अब यह विषाणु इतनी तेजी से संक्रमण फैला रहा है कि अस्पतालों में भीड़भाड़ देखी जाने लगी है, कई अस्पतालों ने इसके लिए अलग से वार्ड बना दिया है। इसी विषाणु के प्रभाव में कोरोना के मामले भी बढ़े हुए दर्ज हो रहे हैं। स्वाभाविक ही स्वास्थ्य विभाग लोगों से सावधान रहने और बचाव के उपाय आजमाने की अपील कर रहा है। मगर इसमें राहत की बात यह है कि भारत की अधिकतर आबादी को कोरोना के टीके लगाए जा चुके हैं, बहुत सारे लोग एहतियाती खुराक भी ले चुके हैं, इस तरह ज्यादातर लोगों में प्रतिरोधक क्षमता विकसित हो चुकी है। मगर जब भी कोई विषाणु अपने पांव पसारता है, तो स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां बरतने की अपेक्षा सदा बनी रहती है, क्योंकि विषाणु न सिर्फ तेजी से संक्रमण फैलाते, बल्कि अपने रूप भी बदलते रहते हैं। कोरोना के समय भी यही हुआ, जब विषाणु ने दूसरे दौर में अपना रूप बदल कर खुद को इतना ताकतवर बना लिया था कि बहुत सारे लोगों को उसका प्रकोप झेलना मुश्किल हो गया था। इसलिए इन्फ्लुएंजा के विषाणु का प्रभाव बेशक सामान्य मौसमी खांसी, जुकाम, बुखार जैसा लग रहा हो, पर उसे नजरअंदाज करने की बिल्कुल जरूरत नहीं। विषाणुओं के प्रभाव से बचने का सबसे बेहतर उपाय साफ-सफाई रखना, भीड़भाड़ से बचना, हाथ धोते रहना, मास्क पहनना बताया जाता है। इसलिए लोगों से कहा जा रहा है कि वे इस विषाणु से बचने के लिए भी कोरोनोचित व्यवहार करें। आमतौर पर देखा जाता है कि कोई भी नया विषाणु इसलिए अधिक ताकतवर होकर फैलता है कि लोग उससे बचाव के उचित उपाय नहीं आजमाते। भारत जैसे देश में, जहां आबादी का दबाव अधिक है और प्रायः बड़ी आबादी साफ-सफाई को लेकर सतर्क नहीं देखी जाती, विषाणुओं के संक्रमण का खतरा अधिक बना रहता है। इसलिए इससे बचाव को लेकर सतर्कता ही पहला और प्रभावी उपाय है। कई बार ऐसा भी होता है कि जब कोई विषाणु फैलना शुरू होता है तो लोगों में एक प्रकार का भय व्याप्त हो जाता है। इन्फ्लुएंजा का यह विषाणु वैसा घातक नहीं है, इसलिए अधिक भयभीत होने की जरूरत नहीं है। सामान्य रूप से शारीरिक स्वच्छता, खानपान संबंधी सतर्कता के जरिए इसके प्रभावों से बचा जा सकता है। वैसे भी जिस तरह पर्यावरणीय विसंगतियां पैदा हो रही हैं और जलवायु परिवर्तन की वजह से मौसम का मिजाज बदल रहा है, उसमें नई-नई बीमारियां पैदा करने वाले विषाणुओं के उत्पन्न होने की आशंका लगातार बनी रहती है।

# केबीजीबी संस्था सिख बच्चों की 'फ्यूचर बिल्ट काउंसलिंग' करेगी

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सिख समाज की अग्रणी कौन बनेगा गुरसिख बच्चा संस्था (केबीजीबी) द्वारा सिख बच्चों के लिए 'फ्यूचर बिल्ट काउंसलिंग' कैंप अप्रैल के प्रथम सप्ताह में आयोजित किए जाएंगे। जिन बच्चों ने 10वीं और 12वीं कक्षा पास कर ली है उनके उज्वल भविष्य के लिए उनकी रुचि अनरूप कोर्स/कॉलेज चुनने हेतु बच्चे और उनके पेरेंट्स से काउंसिलिंग की जाएगी। ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, एमबीए पास विधार्थी परम्परागत और अव्यावसायिक शिक्षा प्रणाली के कारण कंप्यूटर और डिजिटल बाजार में फिट नहीं बैठ रहे। ऐसे में इन बच्चों को बाजार स्वीकार नहीं कर रहा यही बेरोजगारी का मुख्य कारण है। उसके लिए उन्हे कम्प्यूटर युक्त तकनीकी शिक्षा और उसकी प्रैक्टिकल ट्रेनिंग की जरूरत है। इस के लिए उद्योगों के मार्केटिंग, अकाउंट्स, प्रोडक्शन विभाग के एक्सपर्टस बताएंगे कि किस तरह सभी विभागों का कंप्यूटरकरण होने के कारण विशेष हुनर की उन्हे जरूरत है और यह पात्रता कैसे प्राप्त करें? बच्चों से काउंसिलिंग के लिए उद्योगों और तकनीकी विद्यालयों से एक्सॉर्ट बुलाए जायेंगे। ताकि उनकी शिक्षा, ट्रेनिंग आदि पर किए प्रयास रोजगारोन्मुखी हों, व्यर्थ न जाएं। सरकारी नौकरियां न होने का कारण युवाओं में भारी निराशा और रोष है। इसके लिए सभी जाति, धर्म और समाज के लोग आगे आकर अपने बच्चों के भविष्य के बारे सोचना होगा। इसके लिए केबीजीबी संस्था ने शिक्षाविद् सरदार अरविंदर सिंह टक्कर की अगुवाही में सरदार जसबीर सिंह और सरदार ओंकार सिंह की उच्च स्तरीय टीम तैयार की है। गुरु नानक देव स्कूल में बच्चों और पेटेंट्स के कैंप लगा कर, विभिन्न एक्सपर्ट्स द्वारा काउंसिलिंग की जाएगी। यह कैंप अप्रैल के प्रथम सप्ताह में शुरू होंगे। जयपुर के किसी भी स्कूल में पढ़ने वाले सिख बच्चे सरदार जसबीर सिंह मोबाइल 99831 28322 पर संपर्क करें।

# दि. जैन तीर्थ पावागिरि (उन) मे मेला एवं मस्तकाभिषेक संपन्न




**खरगोन. शाबाश इंडिया**

जिले में स्थित दिगंबर जैन तीर्थ पावागिरी (ऊन) में रंग पंचमी पर दो दिवसीय आध्यात्मिक मेला एवं महामस्तकाभिषेक पूज्य आर्यिका श्री चिंतनमति माताजी के ससंघ सानिध्य में संपन्न हुआ। महोत्सव में सम्मिलित होने आसपास के क्षेत्रों के अलावा आज इंदौर से 11 बसों एवं निजी वाहनों के द्वारा लगभग 700 श्रद्धालु ऊन पहुंचे एवं महामस्तकाभिषेक कर पुण्यार्जन किया। तीर्थ ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष हेमचंद झांझरी एवं मंत्री हंसमुख गांधी ने बताया कि दो दिनी महोत्सव में विधानाचार्य नितिन झांझरी एवं संगीतकार पंकज जैन के निर्देशन में धार्मिक अनुष्ठान, एवं कल्याण मंदिर विधान, विश्व शांति महायज्ञ,के अलावा रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह के आयोजन हुए। प्रचार प्रमुख राजेश जैन दद्दू ने बताया कि इस अवसर पर पूज्य माता जी ने प्रेरणास्पद प्रवचन देते हुए कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को बचपन से ही लौकिक शिक्षा के साथ-साथ धर्म और संस्कारों की शिक्षा भी दी जाना चाहिए ताकि वह बड़े होकर संस्कारवान एवं धर्म निष्ठ बन कर संत,समाज, धर्म संस्कृति एवं तीर्थों की सेवा एवं रक्षा कर सकें।



# श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति प्रताप नगर के चुनाव सम्पन्न

## कमलेश जैन बावड़ी वाले बने अध्यक्ष




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

शहर के प्रताप नगर सेक्टर 8 स्थित श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर समिति के द्विवर्षीय चुनावों में कमलेश जैन बावड़ी वाले अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए, निर्वाचन अधिकारी कैलाश चन्द मलैया एवं चुनाव पर्यवेक्षक पवन कुमार जैन निवाई वाले के मार्गदर्शन में संपन्न हुए चुनाओ में महेंद्र कुमार बैनाडा पचाला वाले मंत्री पद पर निर्वाचित हुए, वही उपाध्यक्ष पद पर कमल सोगानी और शिखर चंद गोधा निर्वाचित हुए, कोषाध्यक्ष पद पर धर्मचंद जैन पराणा वाले और प्रचार मंत्री पद पर बाबू लाल ईटून्दा निर्वाचित हुए, संगठन मंत्री पद पर नंदकिशोर जैन और संयुक्त मंत्री पद पर पारस जैन निर्वाचित घोषित किए गए, सभी निर्वाचित हुए पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को हुआ, सभी निर्वाचित पदाधिकारियो ने देव शास्त्र गुरु और समाज जन के साक्षी में पद की गरिमा की शपथ ली।






# पद्म प्रभ भगवान की भक्ति व अर्चना में डूबा पदमपुरा

## 108 मण्डल पर हज़ारों भक्तों ने किया चतुर्विद संघ के सानिध्य में पूजन विधान व यज्ञ, मुनि शिवा नन्द जी का जयकारों के मध्य मनाया अवतरण दिवस

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान प्रांत राजस्थान द्वारा पदमपुरा कमेटी के सहयोग से पदमपुरा में रविवार को भव्य धार्मिक महोत्सव आचार्य श्री 108 वसुनंदी जी महाराज के आठ शिष्य मुनि श्री ज्ञाना नन्दजी श्री संयमा नन्दजी श्री श्रद्धा नन्दजी श्री शिवा नन्दजी श्री प्रशमा नन्दजी श्री पवित्रा नन्दजी ससंघ  व विजय मति माताजी के सानिध्य में पदमप्रभु के आशीर्वाद के साथ आयोजित हुआ। संस्थान के महामंत्री सुनील पहाड़िया व पंकज लुहाड़िया ने बताया की कार्यक्रम का शुभारम्भ पुष्पा पदम जैन बिलाला परिवार द्वारा ध्वजा रोहण के साथ हुआ । विधान में सौधर्म इंद्र का ऋषब जैन मेरठ कुबेर का सुभाष जैन बरौत यज्ञ नायक का अनिल जैन पात्र निभाया तथा भोजन पुण्यार्जक अलका रश्मि कान्त सोनी परिवार रहे। कार्यक्रम में दिल्ली अजमेर सलूंबर दाहोद उदयपुर जयपुर बाँसवाड़ा कामा कोटडी भद्रावती आदि स्थानों से पधारे सैंकड़ों श्रावकों ने विधान में भाग लिया । पदमपूरा कमेटी ने संघ को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा सभी ने भक्ति व शुभकामनाओं के साथ मुनि शिवानन्द का अवतरण दिवस मनाया। कार्यक्रम के अंत में प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने सभी का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम का संचालन इंद्रा बडजात्या व संजय बडजात्या ने किया । संघ का सोमवार को प्रातः बस्सी की और विहार संभावित है।





# इन्फ्लूएंजा H3N2 :- "डरे नहीं, करे बचाव"

इस समय भारत के कुछ हिस्सों में कोरोना के बाद इन्फ्लूएंजा वायरस H3N2 देश में तेजी से फैल रहा है इस वायरस की वजह से दो लोगों की जान ले ली हैं ऐसे में सतर्कता बरतना बहुत जरूरी है स्वास्थ्य के लिए। इन्फ्लूएंजा वायरस के टाइप A के सबटाइप H3N2 के मामलों पर भी नजर रखी जा रही है। इस सबके बीच सुरक्षा ही बचाव है। इसके लक्षणों और फैलने के कारणों को जानकर एहतियात बरतना जरूरी है। H3N2 इंफ्लूएंजा अत्याधिक संक्रामक वायरस है जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में मुंह या छींकने, खांसने और यहां तक कि बोलने पर जो थूक निकलता हैं, वह आसपास मौजूद लोगों को संक्रमित कर सकता हैं।यदि ये संक्रमण कहीं किसी समान पर फैला हो तो छूने के बाद आप भी संक्रमित हो सकते हैं अपने मुंह या नाक को उसी हाथ से छू लेने से भी आप संक्रमित हो सकते हैं। प्रेग्नेंट महिलायें, बच्चे, उम्रदराज लोग और जो लोग पहले से गंभीर बीमारियों से पीड़ित हैं, उनमें इस वायरस से संक्रमित होने का जोखिम और बढ़ जाता है। अगर किसी व्यक्ति को सांस लेने में दिक्कत, सीने में दर्द या तकलीफ, लगातार बुखार आना या खाना खाने में गले में दर्द होता है, तो जरुर है कि डॉक्टर को दिखाया जाए, ताकि सही इलाज हो सके। देश में इस वक्त इस फ्लू के 90 से ज्यादा मामले हैं। H3N2 इन्फ्यूएंजा की वजह से पहले भी देश में संक्रमण फैल चुका है। लोगों में फ्लू जैसे लक्षण मौसम में बदलाव के कारण भी है। ऐसे में यह समझना जरूरी है कि H3N2 वायरस के लक्षण क्या हैं। आइए जानें एच3एन2 इंफ्लूएंजा के बारे में। यह वायरस जो सांसो में संक्रमण पैदा करता है। यह वायरस पक्षियों और जानवरों को भी संक्रमित कर सकता है। पक्षियों सूअर और दूसरे जानवरों में इसके कई स्ट्रेन्स पैदा हो चुके हैं। प्रदेश में H3N2 इन्फ्लूएंजा के मरीज रोज मिल रहे हैं, यह सामान्य फ्लू की तरह है। यही वजह है कि इसे मौसमी इन्फ्लूएंजा भी कहा जाता है, लेकिन इस बार इसके मरीजों की संख्या बढ़ने की आशंका है। इसे देखते हुए अस्पतालों में दवाएं एवं बेड की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। मंत्रालय से जारी निर्देश के तहत प्रदेश में भी स्वास्थ्य महानिदेशालय ने सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों एवं अधीक्षकों को दवाओं के पर्याप्त इंतजाम, सांस रोग के इलाज से जुड़े उपकरण, (आईसीयू) की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश जारी कर दिए हैं। इन्फ्लूएंजा वायरस से किसी तरह घबराने की जरूरत नहीं है। सभी लोग मास्क लगाएं ताकि कोविड और इन्फ्लूएंजा से बचा जा सके। मौसमी इन्फ्लूएंजा को लेकर किसी तरह की घबराने की जरुरत है ये साधारण सर्दी जुखाम की तरह खत्म हो जाती है। इसमें गले में संक्रमण होता है, कई लोगों को बिना दवा के ठीक हो जाता है। इस बार मरीजों की संख्या अधिक है। ऐसे में वृद्धजनों एवं बच्चों को लेकर सावधानी रखी जा रही है।ठंड लगना, खांसना, बुखार, जी मिचलाना, उल्टी करना, गले में दर्द / गले में खराश, मांसपेशियोंऔर शरीर में दर्द, दस्त, छींक आना और नाक बहना जैसे लक्षण दिखने पर तुरंत डॉक्टर के पास जाए ताकि सही समय पर इलाज करके ईन सब पर काबू पाया जा सके। आराम करना, बहुत सारा लिक्विड पीना और बुखार कम करने के लिए एसिटामिनोफेन या इबुप्रोफेन जैसे ओवर-द-काउंटर दर्द निवारक का उपयोग करके H3N2 इन्फ्लूएंजा पर काबू पाया जा सकता है। भीड़ वाली जगहों से बचें और फेस मास्क का प्रयोग करें। अपने हाथों को बार-बार साबुन और पानी से धोएं अपने मुंह या नाक को न छुएं। छींकने और खांसने पर अपने मुंह और नाक को पर्याप्त रुप से ढक लें। बुखार और शरीर में दर्द होने पर पेरासिटामोल का प्रयोग करेंखूब सारे तरल पदार्थ पीकर हाइड्रेटेड रहें। सार्वजनिक स्थानों पर थूकना, हाथ मिलाना सेल्फ ट्रीटमेंट, डॉक्टर से संपर्क करने के बाद ही रोगी को एंटीबायोटिक्स या किसी अन्य दवा का उपयोग करना चाहिए। अन्य लोगों के बगल में बैठकर भोजन करने से बचे और बाहरी भोजन अंडा मांस इत्यादि से परहेज करे। अब जब आप संकेतों, लक्षणों और रोकथाम के सुझावों को बेहतर ढंग से समझ जाते हैं , तो सुरक्षात्मक उपाय करें और स्वास्थ्यवर्धक भोजन खाकर और इम्यूनिटी को बढ़ाकर अपने शरीर की अच्छी देखभाल कर सकते हैं।



पूजा गुप्ता
मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश)




## प्रतिमाओं का मार्जिन व प्रशिक्षण शिविर आयोजित

जयपुर. शाबाश इंडिया। जयपुर जैन सभा समिति द्वारा 12 मार्च 2023 को श्री दिगंबर जैन मंदिर यति यशोदानंदजी, चौड़ा रास्ता, जयपुर में प्रतिमाओं का मार्जिन किया गया। श्री जी की प्रतिमाओं का मार्जिन का कार्य विकास जैन, कमल बगड़ा, सुदीप बगड़ा के कुशल निर्देशन में किया गया। इस परम पुनीत कार्य में चौबीस महाराज पूजा संघ जोहरी बाजार के सदस्यों ने भी अपना सहयोग प्रदान किया।

# शान्ति विधान महामंडल पूजन का हुआ आयोजन

## अष्ट द्रव्यों से की जिनेन्द्र देव की पूजा



**गंगापुर सिटी. शाबाश इंडिया**

नसियां कॉलोनी में स्थित श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आज दिगंबर जैन समाज के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मानमल सुभाष चंद्र जैन परिवार की ओर से आयोजित शांति विधान महामंडल पूजन में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया एवं 1008 शांतिनाथ भगवान के समक्ष जल चंदन अक्षत नैवेद्य दीप धूप सिवनी 108 अर्ध चढ़ाकर जिनेंद्र भगवान की पूजा की। पंडित अंकित जैन शास्त्री के द्वारा मंत्र उच्चारण किए गए। पूजा से पूर्व भगवान के सामूहिक अभिषेक एवं विश्व शांति की कामना के साथ शांति धारा श्रद्धालुओ द्वारा की गई। पूजन के दौरान देव शास्त्र गुरु, 24 भगवान की पूजन, शांतिनाथ भगवान की पूजन बड़े भक्ति भाव के साथ की गई। पूजन के दौरान मान मल जैन, निर्मल जैन, सुभाष जैन, मुकेश जैन पांड्या, पंकज पांड्या, मनीष पांड्या, डॉक्टर एमपी जैन, अरिहंत जैन, नीलेश जैन,राजेंद्र गंगवाल, नरेंद्र जैन नृपत्या, धर्मेंद्र, देवेंद्र पांड्या, अरविंद गोधा सहित सैकड़ों की संख्या में जैन धर्मावलंबी उपस्थित थे।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com


# मृत्यु का बदलता पैटर्न

**शाबाश इंडिया**




डॉ अनामिका पापडीवाल
20 years experience
काउंसलिंग साइकोलॉजिस्ट
एवं साइकोथैरेपिस्ट
Founder Director
Psychological Counseling Center, Malviya Nagar, Jaipur9783944484


कल ही की तो बात है मैं मेरे काउंसलिंग सेशंस के दौरान एक 20 - 22 साल की लड़की के जीवन की उलझन को सुलझाने में उसकी मदद कर रही थी इसी दौरान उसकी मम्मी से भी मुलाकात हुई और जब परिवार की बात हुई तो पता लगा पापा बहुत अच्छे हैं, सब का बहुत ख्याल रखते हैं, जब भी जो मांगो तुरंत लाकर देते हैं, हमारी हर सुविधा का पूरा ध्यान रखते हैं, हमारे जन्मदिन, वर्षगांठ, त्योहारों पर बड़ी-बड़ी पार्टियां करते हैं, देश विदेश में घूमने भी जाते हैं, उनका बहुत अच्छा सोशल सर्किल भी है परंतु उनके पास हमारे लिए अलग से वक्त नहीं है। शादी के 22 साल के बाद भी उन्हें ऐसा कोई पल याद नहीं है जब वह अकेले या अपने बच्चों के साथ कहीं घूमने या डिनर पर गए हो। कभी अपने मन की बात कही हो और बीवी बच्चों की सुनी हो। कभी थोड़ा वक्त अपने मां बाप, भाई बहन के साथ बिताया हो। अपने परिवार के साथ वैल्युएबल समय दिया हो। आश्चर्य है ना आज के समय में जबकि हर रोज अधिकतर कहीं ना कहीं यह सुनने में आ रहा है कि अमुक व्यक्ति स्टेज पर गाना गाते गाते ही मर गया तो कोई खेलते खेलते ही दुनिया से चला गया। यहां तक कि इन दिनों कई चिकित्सकों की भी इसी तरह से मृत्यु हुई है। जिनके जीवन में दूसरों की नजर में सब कुछ बिल्कुल ठीक था परंतु फिर भी बैठे-बैठे ही कब मौत ने गले लगा लिया पता ही नहीं चला। इन सभी ने अपने जीवन में हर मुमकिन वह कोशिश की होगी जिससे वे एक लंबा व स्वस्थ, सफल जीवन अपने परिवार के साथ बिता सकें। निस्संदेह ये सभी खानपान के परहेज से लेकर, अपना रूटीन चेकअप, कसरत आदि सभी प्रयासों के द्वारा एक अनुशासित जीवन का पालन करते रहे होंगे। फिर भी किसी को 53,किसी को 46 तो किसी को 40 वर्ष में बहुत भागदौड़ कर कमाई हुई सारी संपत्ति, इतना स्ट्रैस लेकर, तिकड़में भिड़ाकर अर्जित किया हुआ सारा वैभव अचानक ही छोड़कर जाना पड़ा। ऐसा नहीं है कि जीवनभर भागदौड़ करके उन्होंने कोई गलती की। दुख मात्र यह होता है कि ये प्यारे-2 लोग अपनों से यह भी ना कह पाए कि अब चलता हूँ,अपना ख्याल रखना। जाते समय अपने बच्चों को सीने से नहीं लगा पाए। दो चार दिन बीमार भी नहीं पड़े रहे कि कुछ आभास हो जाता तो माँ,पिता, पत्नी,दोस्तों से आखिरी बार अपने मन की कुछ बात कह लेते। कुछ वर्षों पहले तक जब मैंनें अपने बुजुर्गों को अंतिम यात्रा पर जाते देखा था,मुझे याद है वे आराम से हमारे सर पर हाथ रखकर हमें असीसते हुए, भगवान का पाठ सुनते हुए शांतिपूर्वक अंतिम सांसें लेते थे। कौन सी करधनी किस नातिन को तो कौन सा गुलूबंद किस बहू को देना है, बहुत संतोषपूर्वक हमने अपनों को मृत्युशैया पर बताते हुए देखा है। आजकल मृत्यु का पैटर्न बदल गया है। अब मृत्यु समाधि मरण या गीता का सोलहवां अध्याय सुनने सुनाने का सुअवसर नहीं देती। अब बेटे, बहू,यार दोस्तों से हँसते बतियाते हुए जाने की साध पूरी होती नहीं देखी जा रही। बहुत से लोग तो इतनी युवावस्था में जा रहे हैं कि बहू,दामाद,नाती,पोतों जैसे सुख और कर्तव्यों का आनंद एक दिवास्वप्न ही रह गया है। एक ही आग्रह है। किसी से रूठकर ना बिछड़ें। किसी को रुलाकर ना सोएं। किसी को अपमानित करके बड़प्पन ना महसूस करें। किसी को दबाकर, किसी की स्थिति का फायदा उठाकर मूँछों पर ताव ना दें। हो सकता है जब तक हमें अपनी गलती महसूस हो तब तक वह जिसके प्रति हमसे अपराध हुआ है,अगर इस संसार को अलविदा कह दे तो हम किससे अपने अपराध क्षमा करवाएंगे,किससे माफी मांगेंगे। हम अपना मन उदार रखें। छोटीछोटी बातों को दिल से ना लगाएं। चोट और धोखा बेशक किसी से ना खाएं पर इतने तंगदिल भी ना हो जाएं कि प्रेम के दो बोल भी हमसे सुनने के लिए हमारे संपर्क में आनेवाले तरस जाएं। तनी हुई भृकुटि में तो हमारी अंतिम तस्वीरें भी सुंदर नहीं आएंगीं। इसीलिए तो कहते हैं कि जो आज है वह कल नहीं था तो कल भी नहीं होगा क्योंकि कल किसने देखा है जो करना है आज ही कर ले। यदि किसी की याद आई तो बात जरूर कर ले मन में कड़वाहट ना रखें। आज के समय में अगर सबसे कीमती चीज कोई है तो वह है वक्त। जिसे आप अपने लिए तो अवश्य निकालिए ही साथ ही साथ अपनों के साथ, परिवार के साथ और किसी जरूरतमंद के साथ भी वक्त बिता कर देखिए। कल पता नहीं जब आप वक्त मांगे तो वह मिले या ना मिले।





# श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर थड़ी मार्केट पर मानसरोवर में हुआ शांति विधान





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर थड़ी मार्केट, मानसरोवर पर साजो से शांति विधान मंडल पूजन का आयोजन किया। राजेंद्र बाकलीवाल तथा सुनील जैन ने बताया कि श्रीमती कुमकुम जैन धर्मपत्नी स्वर्गीय सुशील कुमार जैन , पुत्र साकेत व पुत्रवधु श्रीमती सोनिया, आदेश श्रीमती प्रियंका, तनिष्क, उन्नति और नक्षत्र जैन लुहाडिया परिवार के द्वारा बड़े भक्ति भाव से साजो से शांति विधान पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूजा प्रसार समिति के धनेश सेठी, विमल जैन, अशोक सेठी, शाबाश इंडिया के संपादक राकेश गोदिका आदि अनेक श्रद्धालु जन भी उपस्थित रहे।






# यूनिराज एलुमिनी फेडरेशन का होली मिलन संपन्न

## राजसिको चेयरमैन राजीव अरोड़ा, कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास और कुलपति राजीव जैन रहे मुख्य अतिथि

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

गत वर्ष गठित यूनिराज एलुमिनी फेडरेशन जो की यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान से संबंधित सभी कॉलेज के पूर्व छात्रों की एक संस्था है ने आज जयपुर के एक निजी होटल में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। फाउंडर सदस्य आलोक गुप्ता एवम नितिन शारदा भगेरिया ने बताया कार्यक्रम में राजसिको चेयरमैन राजीव अरोड़ा, कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, कुलपति राजीव जैन चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रमुख के एल जैन, गोपाल गुप्ता, डॉ आनंद पोद्दार चेयरमैन पोद्दार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में देश विदेश जयपुर के विभिन्न कॉलेज के पूर्व छात्रों ने शिरकत की। फाउंडर अध्यक्ष राजीव अरोड़ा ने बैच 1972 के पूर्व सहपाठियों को सम्मानित भी किया। कोर समिति के नेमि चंद्र गुप्ता, अनुपम जैन,अनिल गोयल, यशस्वी शर्मा, बसंत जैन,श्रीकिशन डालमिया, विक्रम रस्तोगी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में वरिष्ठतम पूर्व छात्र डॉ के एल जैन ने फाउंडर अध्यक्ष राजीव अरोड़ा की इस अद्भुत पहल के लिए आभार व्यक्त किया। राजीव अरोड़ा ने यूनिवर्सिटी के दिनों को याद करते हुए बताया कि यूनिवर्सिटी के प्रसिद्ध घूमर कार्यक्रम की शुरूआत उन्ही के नेतृत्व में उनके बैच द्वारा की गई थी। कार्यक्रम में उपस्थित सेवानिवृत मेजर जनरल अनुज माथुर, विश्व विख्यात मनो चिकित्सक ने यूनिवर्सिटी की अपनी पुरानी यादें सभी से शेयर करते हुए फाउंडर अध्यक्ष राजीव अरोड़ा को इस ऐतिहासिक पहल के लिए साधुवाद दिया। अंत में राजीव अरोड़ा ने सभी आयोजकों एवं अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# मुनिसुव्रतनाथ महिला मंडल ने मनाया फागोत्सव



*अध्यक्ष सुनीता बड़जात्या एवं मंत्री मोना जैन ने आमंत्रित सदस्यों का गुलाल टीका व साफा पहनाकर स्वागत किया*

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** रंगपंचमी के दिन मुनिसुव्रतनाथ महिला मंडल महल योजना जगतपुरा ने प्राकृतिक गुलाल, चंदन एवं सुगंधित पुष्पों द्वारा फागोत्सव 2023 मनाया। मंडल द्वारा मारवाड़ी फाग गीतों पर आधारित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास पूर्वक किया गया। अध्यक्ष सुनीता बड़जात्या एवं मंत्री मोना जैन आमंत्रित सदस्यों का गुलाल टीका व साफा पहनाकर स्वागत किया। निशा बड़जात्या द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। परम संरक्षक निर्मला सांघी द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप तीर्थंकर का होली-मिलन समारोह आयोजित



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप तीर्थंकर का होली-मिलन समारोह आपणी ढाणी रिसोर्ट में धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम सभी सदस्यों ने पहुंच कर भक्तामर का पाठ एवं नमोकार का जाप किया। फिर स्वल्पाहार कर प्रोग्राम शुरू हुआ। मंगलाचरण श्रीमति मंजू बडज्याता,आभा व कान्ता गंगवाल,कल्पना बैद,पुष्पा कासलीवाल व डां शान्ति जैन 'मणि' ने किया। इसके पश्चात भगवान का चित्र अनावरण प्रेमचंद गंगवाल व कान्ता गंगवाल ने व दीपप्रज्जवलन विजयचन्द व पुष्पा कासलीवाल ने किया। फिर सदस्यों के गुलाल व रंग लगाकर होली खेली गई। इसके बाद श्रीमति शशि जैन ने होली पर बनाई विशेष हाऊजी खिलाई। धार्मिक प्रश्नों व हाऊजी डां शान्ति जैन '**मणि**' ने खिलाई व सही जवाब देने वाले दस सदस्यों को ग्रुप अध्यक्ष डां.एम.एल जैन 'मणि', सचिव विजय चन्द व कोषाध्यक्ष पारस मल लुहाडिया ने पारितोषिक देकर सम्मानित किया। होली का सरप्राइज गिफ्ट ग्रुप अध्यक्ष डां मणि व श्रीमति कल्पना बैद को दिया गया। फरवरी-मार्च में जन्में सदस्यों का जन्मदिन व वैवाहिक वर्षगांठ मनाई गई तथा सभी का माल्यार्पण से स्वागत किया गया। सुरेश गंगवाल को तीर्थंकर ग्रुप का सभी की सहमति से ग्रुप अध्यक्ष ने कार्याध्यक्ष घोषित कर सम्मानित किया। अन्त में अगला कार्यक्रम बड के बालाजी में करने का फैसला लिया। कोषाध्यक्ष पारसमल ने सभी का आभार व धन्यवाद किया। अन्त में स्वादिष्ट भोजन का सभी सदस्यों ने आनन्द लिया।








# फूलो की होली एवं रंगारंग कार्यक्रम में बालीवुड कलाकारों ने पेश किए मस्ती भरे नगमे-राजस्थान जैन युवा महासभा का होली मिलन समारोह

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन युवा एवं महिला संगठनों की प्रदेश स्तरीय पंजीकृत प्रतिनिधि संस्था राजस्थान जैन युवा महासभा द्वारा भट्टारक जी की नसियां में समाज के गणमान्य श्रेष्ठीजनों एवं युवाओं के लिए होली मिलन समारोह रखा गया। इस मौके पर वालीवुड कलाकारों ने होली के मस्ती भरे नगमे पेश किए। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि सायंकाल 5.00 बजे से नसियां के पीछे वाले लोन में आयोजित इस रंगारंग समारोह में दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी के अध्यक्ष एडवोकेट सुधान्शु कासलीवाल मानद् मंत्री महेन्द्र कुमार पाटनी मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए।इस मौके पर श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी के संरक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण चन्द्र छाबड़ा, श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन धर्म संरक्षिणी महासभा के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष रमेश जैन तिजारिया, श्री महावीर दिगम्बर जैन शिक्षा परिषद के अध्यक्ष उमराव मल संघी, मंत्री सुनील बख्शी, राजस्थान जैन सभा के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन , श्री वीर सेवक मण्डल जयपुर के अध्यक्ष महेश काला सहित अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री उदय भान जैन,प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जैन, समाजसेवी अशोक जैन नेता विशिष्ट अतिथि के रुप में शामिल हुए।इस मौके पर होली के मस्ती भरे गीतों पर फूलों की होली खेली गई। श्री जैन ने बताया कि रंगारंग कार्यक्रम के साथ बालीवुड सिंगर रोहित शर्मा आर के एस ने अपनी टीम के साथ होली खेले रघुवीरा.....,अंग से अंग लगाना...,होली आई है.....,रंग बरसे भीगे चुनर वाली रंग बरसे...,होलिया में उड़े रे गुलाल....,जय जय शिव शंकर....,होली के दिन दिल खिल जाते हैं..... सहित मस्ती भरे गानों की प्रस्तुति देकर माहौल को खुशनुमा बना दिया। विनीत जैन क्रियेशन,जे के जे ज्वैलर्स के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के गणमान्य श्रेष्ठीजनों एवं महिलाओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता निभाई। मंच संचालन विनोद जैन कोटखावदा एवं एंकर शिखा जैन ने किया। राजस्थान जैन युवा महासभा की ओर से दर्शकों के लिए लक्की ड्रा निकाले गए। संस्थापक अध्यक्ष ज्ञान चंद झांझरी एवं अध्यक्ष प्रदीप जैन ने अपने उदबोधन के माध्यम से सभी का स्वागत किया। महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने सभी का आभार व्यक्त किया।इस मौके पर युवा महासभा की ओर से गायकों वह अतिथियों का सम्मान किया गया।






# महिला मंडल तारा नगर जगतपुरा ने फागोत्सव का भव्य आयोजन किया

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री पार्श्वनाथ दिगबर जैन मंदिर महिला मंडल तारा नगर जगतपुरा द्वारा अनुकंपा टूलिप में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में ड्रेस कोड पिंक रखा गया इसके अंतर्गत हाऊजी एव कई मनोरंजक खेल खिलाये गए कार्यक्रम में सभी सदस्यों का गुलाल एव तिलक लगाकर स्वागत किया गया और फूलों की होली का सभी सदस्यों ने आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन खुश्बू जैन एव सुविदा जैन ने किया ।कनक सेठी तिलका जैन ममता जैन सुनीता जैन आदि सदस्यों ने सहयोग प्रदान किया। अंत मे सभी सदस्यों को अल्पाहार दिया गया ।मुख्य अथिति श्रीमती आशा सोनी थी मंगला चरण सुशीला सोनी ओर अंजू सोगानी ने किया। खुशबू सोनी ने आये हुए सभी सदस्यों का धन्यवाद दिया।



# नवकार ग्रुप का होली मिलन समारोह संपन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप नवकार का आज होली मिलन समारोह मालवीय नगर में बड़ी धूम-धाम से संपन्न हुआ। ग्रुप अध्यक्ष मोहनलाल गंगवाल ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि ग्रुप में इस वर्ष 30 नये दंपति सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की है। आगामी माह में वियतनाम की विदेश यात्रा प्रस्तावित है। तथा 26 मार्च को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। ग्रुप सचिव गिरीश जैन ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि प्रेमचंद छाबड़ा इंजीनियर, दीप प्रज्वलनकर्ता फेडरेशन के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यश कमल अजमेरा, विशिष्ट अतिथि भारत भूषण अजमेरा ने सभा को संबोधित करते हुए होली की शुभकामनाएं प्रेषित की। स्टार ऑफ द डे महेंद्र कुमार जैन पाटनी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित होने पर गर्मजोशी से स्वागत अभिनंदन किया गया। फेडरेशन के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष एवं ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष नवीन सेन जैन ने बताया कि इस वर्ष ग्रुप में सदस्यों की संख्या 140 से अधिक हो गई है और अभी भी नए सदस्यों का आगमन जारी है। फेडरेशन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अतुल बिलाला ने इंदौर वीडियो कॉल कर ऑनलाइन माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका का उद्बोधन कराया। ग्रुप के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष को नवीन



सेन जैन, महावीर बाकलीवाल, सुरेश जैन बांदीकुई, राजा बाबू बाकलीवाल ने पिन लगाकर सम्मानित किया। ग्रुप की महिलाओं द्वारा होली के गीतों पर रंगारंग कार्यक्रम पेश कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का रोचक संचालन शशी सेन जैंन व चंद्रकांता छाबड़ा ने किया। ग्रुप कोषाध्यक्ष कैलाश सेठी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।